an>

Title: Regarding shortage of chemical fertilizers in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न मैं उठाना चाहता हूं। देश के 73 प्रतिशत किसान आज भी गांवों में रहते हैं, उन किसानों के उत्पादन और उत्पादकता से देश की जी.डी.पी. में आज 18 प्रतिशत योगदान हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि आज उत्तर प्रदेश में रबी की बुवाई के समय किसानों को राज्य की मांग के अनुसार 20.39 लाख मीट्रिक टन यूरिया खाद की जरूरत है, लेकिन केवल 14.50 लाख मीट्रिक टन यूरिया खाद अभी तक मिली है। छः लाख मीट्रिक टन यूरिया की कमी होने के कारण जो यूरिया खाद बाजार में 334 रुपये के भाव में है, वह 550 रुपये के भाव पर किसानों को खरीदने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश के किसानों को इस समय बुवाई की उत्पादकता के लिए यूरिया की जरूरत है। राज्य की सहकारी समितियों के पास यूरिया खाद उपलब्ध नहीं है।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि अभी यह बात माननीय सदस्या कृष्णा राज जी ने भी उठाई है। यह बात उत्तर प्रदेश के सभी सम्मानित सदस्यों के क्षेत्रों की है, उनकी परेशानी है। यहां सरकार के मंत्री बैठे हैं, मैं चाहूंगा कि रिस्पांड करें। आखिर उत्तर प्रदेश के 80 प्रतिशत किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रही है, उनको ब्लैक में खाद लेनी पड़ रही है। इसके संबंध में राज्य सरकार कोई न कोई कदम उठाए और केन्द्र सरकार वहां पर खाद की सप्लाई सुनिश्चित करे।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shrimati Veena Devi,

Shrimati Priyanka Singh Rawat,

Shrimati Anju Bala,

Sadhvi Savitri Bai Phule,

Shri Harinarayan Rajbhar are permitted to associate with the issue raised by Shri Jagdambika Pal.